हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 10 जून 2025

12 सप्ताहभर पहले अपहरण कर युवक से की गई थी...



12 नेहा देशवाल बनीं सब लेफ्टिनेंट, किया स्वागत



## खबर संक्षेप

### ससुराल साल्हावास आया युवक लापता

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव साल्हावास में अपनी पत्नी को लेने ससुराल आया महेंद्रगढ़ जिले का खैराणी गांव निवासी युवक वापिस घर नहीं पहुंचा। पुलिस को दी शिकायत में लापता युवक के पिता चेतराम शर्मा ने बताया कि उसके पुत्र राजेश का विवाह साल्हावास गांव निवासी पृथ्वी की पुत्री रीना के साथ हुआ था। रीना करीब पन्द्रह दिन पहले अपने मायके आई थी। रविवार को राजेश उसे लेने के लिए अपनी ससुराल साल्हावास आया था जो वापिस घर नहीं लौटा। उन्हें पता चला है कि वह अपनी ससुराल पहुंचा था लेकिन वापिस नहीं घर आया। उसका फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### एक्सप्रेस ट्रेन में युवक से मोबाइल छीना

**बहादुरगढ़।** जींद के निवासी एक युवक के साथ बहादुरगढ़ के रेलवे स्टेशन पर वारदात हो गई। ट्रेन के अंदर बैठे युवक से एक शातिर मोबाइल छीनकर भाग गया। इस संबंध में जीआरपी बहादुरगढ़ ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात जींद के निवासी विकास के साथ हुई है। विकास का कहना है कि आठ जून को वह जींद से दिल्ली जाने के लिए बठिंडा-दिल्ली एक्सप्रेस में सवार हुआ था। जब गाड़ी बहादुरगढ़ स्टेशन पर रुकी तो इस दौरान एक युवक नजदीक आया और मेरा आई फोन 15 लेकर भाग गया। मैंने शोर मचाया और पीछा किया लेकिन वह हाथ से निकल गया। वहीं, सूचना पाकर पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। विकास की शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपी युवक को तलाशा जा रहा है। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके में रेल के अंदर सफर करते वक्त पहले भी इस तरह की कई वारदात हो चुकी हैं। अधिकांश वारदात अनसुलझी हैं।

### खेत में काम करने पहुंचे दंपत्ति के साथ मारपीट

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव निलाहेड़ी में अपने खेत में काम करने पहुंचे एक दंपत्ति के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में किसान नवल सिंह ने बताया कि वह रविवार की सुबह करीब सात बजे ट्रैक्टर लेकर अपनी पत्नी कमला के साथ खेत में काम करने गया था। वहां अजय, रामधारी, ब्रिजलाल, राजेश, नसीब, रघु, लोकेश आदि ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान गांव के देवेंद्र व उसके परिजनों ने उनका बीच-बचाव कराया।

## बीते कई दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई सफाई व्यवस्था

# सफाई कर्मचारियों ने शहर में मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

सातवें दिन सोमवार को सफाई कर्मचारियों ने धरना देने के साथ-साथ शहर में झाड़ू प्रदर्शन कर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वेतन संबंधित मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। सातवें दिन सोमवार को सफाई कर्मचारियों ने धरना देने के साथ-साथ शहर में झाड़ू प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।

दरअसल, ठेकेदार के अधीन कार्यरत इन सफाई कर्मचारियों का तीन महीने का वेतन बकाया है। इसके अलावा ये साप्ताहिक अवकाश की भी मांग उठा रहे हैं। मांग पूरी न होने के चलते गत तीन जून को इन्होंने हड़ताल शुरू की थी, जो अब तक जारी है। हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था बिलकुल चौपट हो चुकी है। शहर के हालात बुरे हैं। बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। सोमवार को भी हड़ताली कर्मचारियों ने नगर परिषद के गेट पर धरना दिया। इसके अलावा, रोहतक-दिल्ली रोड पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने प्रशासन, ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द से जल्द वेतन देने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने कहा कि तीन महीने का वेतन अटक हुआ है। लगभग सप्ताहभर से हड़ताल जारी है। कोई भी जन प्रतिनिधि या अधिकारी हमारी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। तमाम कर्मचारी निर्धन हैं और वेतन न मिलने के कारण आर्थिक स्थिति बदतर होती जा रही है। हमारी समस्या का समाधान किया जाए।



**बहादुरगढ़।** नगर परिषद के गेट से झाड़ू प्रदर्शन शुरू करते कर्मचारी।



**बहादुरगढ़।** हड़ताली सफाईकर्मियों को संबोधित करती शीला नफे सिंह राठी।



**बहादुरगढ़।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को पत्र सौंपती चेयरपर्सन सरोज राठी।

### सफाईकर्मियों के वेतन के लिए डीसी से मिली चेयरपर्सन

**बहादुरगढ़।** ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों का वेतन दिलवाने के लिए नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मुलाकात की। उन्होंने डीसी को बताया कि वेतन नहीं मिलने के कारण सफाईकर्मियों ने हड़ताल कर रखी है। इस कारण पूरे शहर की सफाई व्यवस्था पिछले सप्ताह से चरमराई हुई है। चेयरपर्सन ने डीसी को बताया कि डोर-टू-डोर ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारी व स्वीपींग ठेके के कर्मचारी 3 जून से हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनका 3 माह का वेतन बकाया है। एजेंसी के बिल परिषद स्तर पर भुगतान के लिए लंबित है। परिषद ने 6 मई व 4 जून को डीएमसी को पत्र लिखकर पेमेंट अप्रूवल कमेटी की मीटिंग बुलाने का अनुरोध किया था। लेकिन अब तक डीएमसी द्वारा पेमेंट अप्रूवल कमेटी की कोई भी मीटिंग नही बुलाई गई। जिस कारण हड़ताल चल रही है और शहर की सफाई चौपट हो चुकी है।

### इनेलो नेत्री शीला राठी ने दिया सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को समर्थन

**बहादुरगढ़।** सोमवार को इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी सात दिनों से हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के बीच पहुंची और उनके संघर्ष को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। शीला राठी ने हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था के अलावा कूलर व अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से पूरे शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और पूरे शहर में दुर्गंध फैल रही है। हर बार सफाई कर्मचारियों को अपना वेतन पाने के लिए हड़ताल का सहारा लेना पड़ता है। नगर परिषद के माध्यम से उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलना चिंतनीय है। सरकार व अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों का बकाया वेतन अविलंब दिलवाना चाहिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से कहा कि वे इस लड़ाई में उनके साथ हैं। वेतन नहीं मिलने को लेकर सफाई कर्मचारी कई बार हड़ताल कर चुके हैं। हर बार उन्हें मामूली रकम व झूठे आश्वासन देकर बहला दिया जाता है। हर बार की तरह हड़ताल होने पर पूरे शहर में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। हर तरफ दुर्गंध का माहौल है। उन्होंने कहा कि हर माह करोड़ों रुपए सफाई पर खर्च होने के बावजूद भी शहर को साफ-सुथरा रखने वाले कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर ईश्वर छिल्लर, राज सिंह वर्मा, मास्टर सुखबीर सरोहा व जीत दलाल आदि मौजूद रहे।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एडीसी जगनिवास।

## एडीसी ने सुनी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एडीसी जगनिवास ने शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान कुल 11 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें भूमि संबंधी विवाद, पेंशन में देरी, पारिवारिक पहचान पत्र सुधार, अतिक्रमण, पानी व बिजली की समस्याएं प्रमुख रहीं। एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।



झज्जर। कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह।

## जिला पुलिस आयुक्त ने किया जटेला धाम का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को जटेला धाम में सीएम नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस तैयारियों में जुट गई है। सोमवार को जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल के आसपास वाहनों से जाम की स्थिति न बने तथा सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक ना रहे इसके लिए सतर्क एवं सजग रहकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें। अपील करते हुए कहा कि आपको किसी प्रकार का संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## बुलेरो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार मामा-भांजा घायल, भर्ती

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : छुछकवास-मातनहेल मार्ग पर एक तेज रफ्तार बुलेरो गाड़ी ने टक्कर मारकर मोटरसाइकिल सवार मामा-भांजे को घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में मातनहेल गांव निवासी नवीन कुमार ने बताया कि बीती सात जून को वह अपने बारह वर्षीय भांजे रितेश पुत्र जसवंत निवासी कान्ही के साथ मोटरसाइकिल पर छुछकवास से मातनहेल आ रहा था। बीच रास्ते एक तेज रफ्तार बुलेरो गाड़ी ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी जिस कारण वे दोनों मोटरसाइकिल सहित जमीन पर जा गिरे। घटना के बाद गाड़ी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। जिसके उपरांत वह अपने भांजे को उपचार के लिए मातनहेल के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक के पीजीआई रैफर कर दिया।

### ड्यूटी पर गया शख्स लापता, पुलिस से शिकायत

बहादुरगढ़। घर से ड्यूटी के लिए निकला एक व्यक्ति लापता हो गया है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं। कई दिन बीत जाने के बाद भी कुछ अता पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। नूना माजरा की निवासी अंजू का कहना है कि उसका पति पंकज एक मोटर सर्विस सेंटर पर काम करता है। गत 29 मई की सुबह ड्यूटी पर गया था लेकिन शाम को वापस नहीं आया। उसका मोबाइल नंबर भी बंद है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार कर्मचारी की मौत

- एयरपोर्ट से ड्यूटी के बाद मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था मृतक सोमबीर, सरौला-अहरी मार्ग पर हादसा

मृतक के भाई की शिकायत पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज, पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सरौला से अहरी जाने वाले मार्ग पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के कारण व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव मुंडाहेड़ा निवासी सोमबीर पुत्र सुमेर सिंह के तौर पर हुई है। सोमबीर दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर नौकरी करता था और वह सोमवार को अपनी मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई कर्मबीर ने बताया कि जब उसका भाई करीब साढ़े आठ बजे सरौला व अहरी के बीच पहुंचा तो उस दौरान तेज गति से आ रही एक फॉर्च्यूनर गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी जिसके बाद गाड़ी चालक खुड्डन गांव की ओर भाग निकला। कर्मबीर के अनुसार जब यह दुर्घटना हुई तो इस दौरान गांव का ही रमेश भी अहरी गांव की ओर जा रहा था। बाद में उसने ही गंभीर रूप से घायल सोमबीर को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के भाई की शिकायत पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी करते हुए पुलिसकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### खातीवास गांव के पास खाई में गिरी असंतुलित स्कार्पियो, चालक की मौत

झज्जर। क्षेत्र के गांव खातीवास के नजदीक एक स्कार्पियो गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे लगती खाई में जा गिरी। इस हादसे में गाड़ी सवार चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव दूबलधन निवासी करीब बीस वर्षीय सन्नी पुत्र सोमबीर के तौर हुई है। सन्नी सोमवार की सुबह अपनी गाड़ी में सवार होकर ग्वालिसन गांव में किसी परिचित से मिलने के लिए आया था। जब वह वापिस लौट रहा था तो खातीवास गांव के नजदीक उसकी गाड़ी असंतुलित होकर सड़क किनारे लगती खाई में जा गिरी। यह हादसा इतना जबरदस्त था कि एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण सन्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद गाड़ी को खाई से बाहर निकाला गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। परिजनों के पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

## गंदगी के ढेर लगा से सफाई अभियान को पलीता

# प्लास्टिक पॉलीथिन के प्रति नहीं दिख रही सख्ती और जागरूकता, पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्लास्टिक पॉलीथिन का प्रयोग पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है। इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार, प्रशासन कितना गंभीर है और आम नागरिक कितने जागरूक हैं, सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से इसकी सच्चाई सभी के सामने हैं। शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों में ज्यादातर मात्रा प्लास्टिक पॉलीथिन की ही है। वहीं नालों की सफाई के दौरान भी बड़ी मात्रा में केवल पॉलीथिन ही निकल रही है।

दरअसल, बीते दिनों ही बहादुरगढ़ में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर पॉलीथिन बेचने के मामले में कार्रवाई की गई थी। इस दौरान काफी मात्रा में पॉलीथिन बरामद हुई और दुकानदारों पर 80 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। इससे पहले भी नगर परिषद की ओर से शहर में कई बार इस तरह की कार्रवाई की जा चुकी है। काफी भारी भरकम चालान किए हैं। इस कार्रवाई के अलावा जागरूकता भरे कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। शैक्षणिक संस्थानों, विद्यार्थयों द्वारा रैलियां निकालकर भी लोगों को जागरूक किया जाता रहा है। इसके बावजूद धरातल पर सुधार नजर नहीं आ रहा। न तो दुकानों में पॉलीथिन बिकनी बंद हुई है और न ही इनमें सामान खरीदने वालों की तादाद घटी है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बहादुरगढ़ की लगभग हर गली, चौक, चौराहे में गंदगी के ढेर लगे हैं। बाजार में कचरा फैला हुआ है। इस कचरे में ज्यादातर मात्रा प्लास्टिक पॉलीथिन, डिस्पोजल बर्तन की है। शायद ही कोई ऐसी दुकान हो, जहां पॉलीथिन में सामान न दिया जाता हो। कपड़े से लेकर खाने पीने की वस्तु तक प्लास्टिक में पैक होकर आ रही है। नाले ब्लॉक होने की भी यही एक बड़ी वजह है। प्रशासनिक स्तर पर भी केवल एकाध बार कार्रवाई की औपचारिता होती है। इस विषय में जड़ों पर काम करने की जरूरत है।



**बहादुरगढ़।** कचरे में प्लास्टिक की भरमार। *फोटो : हरिभूमि*

### पॉलीथिन के प्रयोग पर नहीं लग रही रोक

प्लास्टिक कचरे के ढेर तमाम जागरूकता मुहिम और सख्त कार्रवाई के दावों को पलीता लगा रहे हैं। शहर के निवासी सचिन, नवीन आदि का कहना है कि पॉलीथिन के नुकसानों का सभी को मालूम है। लेकिन आसानी से उपलब्ध होने व सुविधा के कारण लगभग हर घर में इसका उपयोग हो रहा है।

### खेतों से सोलर प्लेट व कंट्रोलर चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बरहाना के खेतों से सोलर प्लेट व कंट्रोलर चोरी की शिकायत पीड़ित किसान द्वारा पुलिस को दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में किसान ओमबीर ने बताया कि उसने अपने खेत में तीन किलोवाट की सोलर प्लेट लगवा रखी है। सुबह जब उसने खेत में जाकर देखा तो उसके खेत से तीन सोलर प्लेट व कंट्रोलर चोरी हो चुके थे। पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गांजे सहित महिला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एंटी नारकोटिक सेल ने गांजे सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला से पूछताछ की जा रही है। एएनसी प्रभारी योमेश कुमार के अनुसार, सूचना मिली थी कि एक महिला नागरिक अस्पताल के पीछे बस्ती में गांजा बेचने की फिराक में खड़ी है। इस पर टीम वहां गई और उसे काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 215 ग्राम गांजा बरामद हुआ।



झज्जर। शिविर के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीईओ राजेश कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

# जिले के 530 प्राथमिक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार से जिले के बेरी, झज्जर और बहादुरगढ़ खंड के प्राथमिक शिक्षकों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। झज्जर खंड में इस प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार एवं बीईओ रूपिंदर नांदल ने किया। बहादुरगढ़ में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह मलिक एवं बीईओ शेर सिंह ने जबकि बेरी में जिला परियोजना समन्वयक रतिंद्र सिंह एवं बीईओ रमेश चौहान ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में बहादुरगढ़ में 203, झज्जर के 200 और बेरी के 127 शिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि इन प्रशिक्षण समूहों में अन्य जिलों में कार्यरत 200 से अधिक शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों, वर्कबुक और विभाग द्वारा प्रदान की गई शिक्षण-अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग पर केंद्रित है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा कक्षा तीसरी तक पढ़ने, लिखने और गणित के बुनियादी कौशल में निपुण हो जाए। जिला परियोजना समन्वयक रतिंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना है।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
10 जून 2025





फादर्स-डे, 15 जून स्पेशल

# नए दौर के केयरिंग-लविंग पापा

वह दौर गया जब परिवार में पिता की बहुत सख्त छवि हुआ करती थी। बच्चों की परवरिश पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देते थे, यह जिम्मेदारी मां की होती थी। आज के पापा अपने बच्चों की जिम्मेदारी बहुत खूबसूरती से निभा रहे हैं। वे अपनी पारंपरिक छवि से बाहर आकर एक संवेदनशील गाइड के रूप में दिख रहे हैं। आज के पापा अपने बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझते हैं। आज के केयरिंग पापा, बच्चों के करियर के प्रति भी कॉन्शस हैं। वह उनके सर्वांगीण विकास में अपना अहम योगदान दे रहे हैं।

कवर स्टोरी
नयनतारा

आज के समय में पिता की पारंपरिक भूमिकाएं कुछ दशकों पहले के मुकाबले बहुत बदल गई हैं। आज के पिता अपने बच्चों के केवल पालक या उन्हें अनुशासन में रखने वाले भर नहीं, अपने बच्चों के जीवन में भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और मजबूत बनाने वाले मेंटर हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज के पिता अपने बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा ही नहीं कर रहे, उनका व्यक्तित्व निर्माण भी कर रहे हैं।

**पारंपरिक जिम्मेदारियों से बहुत आगे :** कुछ दशक पहले तक जहां पिता का काम मुख्य रूप से परिवार का पालन-पोषण और उसे आर्थिक रूप से सुरक्षित करना होता था, वह काम तो आज भी पिता के जिम्मे है, लेकिन अब उनकी भूमिकाएं इस पारंपरिक जिम्मेदारी से काफी हद तक आगे बढ़ चुकी हैं। आज के पापा अपने बच्चों के स्कूल प्रोजेक्ट में हेल्प करते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखते हैं, इस पर अपना जरूरी दखल देते हैं, पैरेंट्स टीचर मीटिंग में शामिल होते हैं, बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य से लेकर उनके मानसिक स्वास्थ्य तक की परवाह करते हैं।

**एक संवेदनशील गाइड का रोल:** आज के पापा अपने बच्चों के पालन-पोषण के साथ उनके सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इस वर्ष 15 जून को मनाए जाने वाले फादर्स-डे की इस साल थीम भी कमोबेश यही है। इस साल की थीम, 'फादर्सः नर्चरिंग रिलेशन एंड टैपिंग फ्यूचर' यानी बच्चों का लचीलेपन के साथ पोषण करते हुए उनके भविष्य को आकार देना है। अगर कहा जाए कि इस थीम को भारत के



महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे और मझोले शहरों में भी पहले से ही, आज के पापाओं ने अपना लिया है, तो इसमें कोई दो राय नहीं होगी। मसलन, आज के पिता पारंपरिक पिताओं की तरह घर में अनुशासन सिखाने वाले वट वृक्ष नहीं हैं, उनकी भूमिका एक संवेदनशील गाइड के रूप में उभर रही है। जबकि कुछ दशक पहले तक हमारे पारंपरिक पिता कठोर अनुशासन के प्रतीक हुआ करते थे। आज के पापा अपने बच्चों की भावनाओं को सुनते हैं, उनसे खुले रूप में संवाद करते हैं और उनकी पसंद-नापसंद पर ध्यान देते हैं। इन सबके साथ ही आज के पापा बच्चों की भौतिक के साथ-साथ भावनात्मक जरूरतों को भी समझते हैं।

### घरेलू कामों में सक्रिय भागीदारी

बीते दौर में पिता अपनी भूमिकाओं को घर के बाहर के कामों तक ही सीमित रखते थे, जबकि आज के पिता घरेलू कामों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे खाना बना रहे हैं, बच्चों को मांओं की तरह लिखा-पढ़ा रहे हैं। उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार कर रहे हैं, कई बार स्कूल छोड़ने और लाने भी जाते हैं। आज के पापा ये काम हंसी-खुशी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आज के दौर के पापा घर के किसी विशेष आयोजन में साफ-सफाई से लेकर किचन तक की भूमिकाओं में सहयोग करने को तत्पर रहते हैं। अब पापा पहले जैसे घर के बाहर ही काम करने वाले नहीं रहे।



**बच्चों के करियर के प्रति कॉन्शस:** आज के पापा बच्चों के करियर पर भी ध्यान देते हैं, उनकी पसंद-नापसंद यानी उनकी हॉबी को विकसित करने में, उनमें उसे विशेष पारंगत बनाने में भी जो संभव भूमिका होती है, उसे निभाते हैं। यही नहीं वे बच्चों की आत्मनिर्भरता को गंभीरता से लेते हैं। पहले के पिता बच्चों पर अक्सर अपने सपने थोप देते थे, जबकि आज के पिता अपने बच्चों के सपनों को महत्व देते हैं। अगर उनके बच्चे पारंपरिक करियर से हटकर किसी ऐसे करियर में रुचि दर्शाते हैं, जो अभी तक बहुत सफल और स्पष्ट नहीं, तो आज के पिता उनके इस जोखिम पर भी साथ खड़े होने की हिम्मत दिखाते हैं।

**नई तकनीक सीखने में कोई हिचक नहीं:** आज के पापा अब डिजिटल दुनिया में बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। जबकि कुछ दशक पहले तक बच्चे और उनके पिता तकनीक के मामले में अलग-अलग दौर में जीते थे। कुछ दशक पहले तक पिता बड़ी आसानी से यह बात स्वीकार कर लेते थे कि नए जमाने की तकनीक से उनका क्या लेना-देना है? यह बच्चों की जरूरत है, उन्हें ही इसकी जानकारी रखनी चाहिए। जबकि आज के पापा न सिर्फ नए जमाने की तकनीक पर दिलचस्पी लेते हैं बल्कि वे इस पर दक्षता भी हासिल करते हैं ताकि अपने बच्चों को भी इसमें दक्ष बना सकें या उनके साथ उनके स्तर पर बर्ताव कर सकें। यही कारण है कि सोशल मीडिया, गेम्स और इंटरनेट से जुड़ी आज की अभिरुचियां बच्चों और उनके पापाओं में किसी हद तक साझी हो चली हैं। आज के पापा अपने बच्चों को रिस्पॉन्सिबल डिजिटल सिटीजन बनने में उनकी अपनी गाइडेंस देते हैं।

**को-पैरेंटिंग में यकीन:** आज के पिता पालन-पोषण को सिर्फ बच्चों की मांओं की जिम्मेदारी नहीं समझते बल्कि को-पैरेंटिंग के विचार पर यकीन रखते हैं। इसलिए आज माता-पिता दोनों मिलकर बच्चों की जिम्मेदारी उठाते हैं। यही कारण है कि पिता अब समान रूप से एक जिम्मेदार अभिभावक बन चुके हैं। विशेष रूप से सिंगल फादर या स्टे एट होम डैड की संज्ञा दिनों दिन बढ़ रही है। इसलिए माना जाता है कि भारत में पिता की भूमिकाएं कुछ दशक पहले तक के पिता की भूमिकाओं से काफी हद तक बदल गई हैं।

**पापा और बच्चे दोनों जाहिर कर रहे हैं अपनी फीलिंग्स:** भारत में पिताओं के स्वभाव और उनकी इस सोच में परिवर्तन लाने में किसी हद तक फादर्स-डे की भी अपनी भूमिका है। हालांकि पश्चिम की तरह भारत में फादर्स-डे कोई त्योहार नहीं है, लेकिन यह मानने में कतई गुरेज नहीं करना चाहिए कि आज के शहरी भारत में फादर्स-डे जैसे स्पेशल डे की अपनी एक संवेदनशीलता है। यही वजह है कि हमारी पारंपरिक संस्कृति में फादर्स-डे न होते हुए भी आज के भारत में यह बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बच्चे आजकल फादर्स-डे का बड़े उत्साह के साथ इंतजार करते हैं। हमारे देश के बच्चे भी पश्चिमी देशों के बच्चों की तरह अपने पापाओं को इस दिन कार्ड देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से संदेश देते हैं, शुभकामनाएं देते हैं और पापाओं के प्रति अपने प्रेम-स्नेह को प्रकट करते हैं। जबकि पहले हमारे यहां का चलन यह था कि न तो पिता, इस बात को जाहिर होने देते थे कि वे अपने बच्चों को बहुत प्यार करते हैं और न ही बच्चे सार्वजनिक रूप से यह दिखाते थे कि वे अपने पिता का बहुत आदर-सम्मान करते हैं।

**फादर्स-डे की उपयोगिता:** पिछले एक-दो दशक में सिर्फ शहरी भारत की लाइफस्टाइल ही तेजी से नहीं बदली, बल्कि समग्रता में बहुत-सी नई और अनुकरणीय पश्चिमी बातों को भी हमारा शहरी समाज खुले दिल से स्वीकार कर रहा है। यही कारण है कि अब फादर्स-डे एक सम्माननीय दिन बन चुका है और यह हमारे बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत लाभकारी भी साबित हुआ है।

---

बहुत अनमोल होता है, पिता-बेटी का रिश्ता। जहां बेटी के लिए पिता शीतल छाया, उसके जीने की राह होते हैं, वहीं लाडली बेटियां भी अपने पिता की मुस्कान, अभिमान होती हैं। पिता के लिए बेटियां ईश्वर की सबसे बड़ी नियामत, उनके जीवन की सुगंध होती हैं। पिता-बेटी के प्यारे-सलोने रिश्ते को रेखांकित करता आलेख।

# बहुत प्यारा-न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता



भीने-मीठे एहसास
श्रुति आयंगर

बहुत प्यारा, बहुत न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, बस एहसास किया जा सकता है। जब पहली बार नन्ही-सी परी अपने पिता की गोद में आती है, तो एक नासमझ-सा युवा अचानक बहुत समझदार-जिम्मेदार हो जाता है। जब वह अपनी नन्ही बिटिया को गोद में लेता है तो उसे इस बात का बोध होता है, जिंदगी के हर मोड़ पर उसे अपनी गुड़िया के साथ खड़े रहना है, साथ निभाना है। उसकी हर खुशी का ख्याल रखना है। हर लड़की अपने पापा की प्यारी-प्रिंसेस होती है। पिता-बेटी के अनमोल रिश्तों के एक नहीं कई पहलू हैं।

**बहुत अलग है केमिस्ट्री-बॉन्डिंग:** पिता-बेटी के बीच ऐसी खूबसूरत केमिस्ट्री-बॉन्डिंग होती है, जिसे और कोई नहीं समझ सकता है, बस वे दोनों ही समझ सकते हैं। एक बेटी अपने पिता की बात जितनी जल्दी जान पाती है, उतना दूसरा कोई नहीं। तभी तो सब कहते हैं कि पापा के दिल के सबसे करीब होती है उनकी प्यारी बिटिया। हर लड़की अपने पिता की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करती है।



**पापा हैं सुपरमैन:** हर बेटी की नजरों में उसके पापा किसी सुपरमैन से कम नहीं होते। उनके पास हर मुश्किल का जादुई हल होते हैं। चाहे वो टूटे खिलौने को जोड़ना हो या फिर बिटिया का बिगड़ा मूड ठीक करना हो या मम्मा की डांट से बचाना हो या मम्मी से छुपाकर बेटी को अपनी फेवरेट चॉकलेट, आइसक्रीम खाना हो, पापा इन सभी कामों को मजे से अंजाम देते हैं। पापा ऑफिस के तनाव में भी अपनी गुड़िया की बातें सुनते हैं, उसकी हर शरारत में उसके साथी बन जाते हैं। अपनी बेटी की मुस्कान उनके लिए सबसे बड़ी नियामत होती है। बेटी के लिए पापा सब कुछ करने को तैयार रहते हैं। उसकी हर एक फरमाइश को पूरा करते हैं। यही तो होता है-रियल सुपरमैन। जब नन्ही बिटिया के गिरने पर उसे चोट लगती है, तो वह यही सोचती है, 'डोंट वरी, पापा हैं ना, फूंक मार देंगे, तो सब ठीक हो जाएगा।' और वाकई पापा के ऐसा करने पर बिटिया अपनी चोट भूल जाती है, दर्द उड़न-छू हो जाता है।

### सच्चा और अटूट रिश्ता

**पिता-बेटी** का रिश्ता वक्त के साथ कभी बदलता नहीं है, पिता-बेटी का रिश्ता शब्दों का भी मोहताज नहीं होता है। बचपन में बेटी की पहली मुस्कान से लेकर उसके हर सपने तक, विदाई तक, पापा हर मोड़ पर उसके साथ रहते हैं। वक्त गुजरता है, बेटी बड़ी हो जाती है, जिम्मेदारियां बदल जाती हैं- पर पिता का प्यार उसकी परवाह और उसका रिश्ता वैसा का वैसा रहता है, हमेशा एक जैसा, सच्चा और अटूट।

**बेस्ट फ्रेंड होते हैं पापा:** बेटी जब धीरे-धीरे बड़ी होती है, पापा उसके लिए सिर्फ पिता नहीं होते, बेस्ट फ्रेंड हो जाते हैं। जब तब आराम से बैठकर घंटों बातें करते हैं, स्कूल-कॉलेज के किस्से सुनते हैं। अपने डर और सपने बताना है या या कोई खुशी या दुख जाहिर करना है, ये सब बातें बेटियां बेझिझक अपने पापा से ही शेयर करती हैं। उनका सच्चा बेस्ट फ्रेंड अगर कोई है तो वो पापा ही होते हैं। वे ऐसे फ्रेंड होते हैं, जो ना जज करते हैं, ना नाराज होते हैं, ना कभी धोखा देते हैं। पापा अपनी बेटी के मन की बातें बिना कहे की समझ जाते हैं।

**प्रेरणास्रोत हैं पापा:** बचपन में जब बेटी चलना सीखती है, तो पापा उसकी अंगुली थामे रहते हैं, चलना सिखाते हैं। फिर पूरी जिंदगी यही अंगुली राह दिखाती है- कभी सलाह बनकर तो कभी हौसला बढ़ाकर। बेटी के लिए पापा सिर्फ एक अभिभावक नहीं होते, उसके सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत होते हैं, जो उसे कभी हार नहीं मानने देते हैं। अपनी लाडली की सबसे बड़ी ताकत बन जाते हैं पापा।

---

बॉन्डिंग
अलका 'सोनी'

मां का प्यार तो खिली धूप जैसा प्रकट दिखता है, महसूस होता है, जबकि पिता का प्यार शीतल छाया की तरह हमेशा पास होकर भी अदृश्य रहता है। लेकिन कठिन समय में वही छाया संतान के लिए सुरक्षा कवच बन जाती है।

# प्यार तो करते हैं पर जताते नहीं पापा

मां के प्यार को तो अक्सर शब्द, स्पर्श और आंसुओं में ढूंढ़ लिया जाता है, लेकिन पिता का प्यार, अक्सर मौन होता है, गहरा होता है और छुपा होता है। वह प्यार जो न लोरी बनता है, न गले लगकर बहता है, लेकिन अपनी संतान की हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए हमेशा उपस्थित होता है। सच, हम सबके पापा ऐसे ही होते हैं, जो जताते नहीं, फिर भी सबसे अधिक प्यार करते हैं।

### प्रतीकों में प्रकट होता प्यार

पिता अपनी भावनाओं को शब्दों से नहीं, प्रायः प्रतीकों में और मौन गतिविधियों से व्यक्त करते हैं। सर्दी की ठिठुरती रात में वे आधी रात को अक्सर उठकर चुपचाप आपको कंबल ठीक से ओढ़ा जाते हैं। आपके बीमार होने पर जब तक आपको नींद नहीं आ जाती बेचैनी से चहलकदमी करते रहते हैं या आपके सिरहाने बैठ जाते हैं। आपके कॉलेज ट्रिप पर जाने की सूचना मिलने पर आपसे डायरेक्ट नहीं लेकिन मां के जरिए आपको कुछ एक्सट्रा पैसे दिलवाते हैं



कि उनकी बिटिया को सफर में कोई परेशानी न हो। ऐसा वो और बहुत कुछ करते रहे हैं और जब भी मौका मिलता है, आज भी करते हैं।



### याद करें वो लम्हे

अगर याद करें तो अतीत में बिताए ऐसे कई लम्हे याद आ जाएंगे, जब पिता हमारे आस-पास रहकर चुपचाप हमारी केयर करते थे। जब आप पहली बार साइकिल चलाना सीखने की कोशिश में बार-बार गिर रही थीं, तब पापा ने ही साइकिल को पीछे से पकड़कर आपको संतुलित होना सिखाया था। लेकिन कभी जताया नहीं कि वह इस बात को लेकर कितना चिंतित रहते थे कि कहीं गिरकर आपको चोट न लग जाए। या स्कूल का वो पहला दिन, जब मां ने तो आंखें पोंछकर आपको विदा किया था लेकिन पापा स्कूल के गेट के पीछे से आपको तब तक देखते रहे थे, जब तक आप क्लासरूम में नहीं चली गई थीं। यह भी याद आएगा आपको कि जब किसी प्रतियोगिता में आप हारकर निराश हो गई थीं, तब पापा ने पीठ थपथपा कर कहा था, 'बेटा, कोशिश करना मत छोड़ना। तुम जरूर जीतोगी।' आपका तो हौसला बढ़ा दिया लेकिन आपकी निराशा को अपने भीतर लेकर कई दिन अनमने से बिताए थे।

### जिम्मेदारियों तले दबा स्नेह

कई बार शांत दिखते समंदर के भीतर लहरों की हलचल भरी रहती है। ठीक उसी तरह ऊपर से चुप्पी साधे पिता के मन में भी हमारे लिए आगाध चिंता और प्यार छिपा होता है। जरूरत होती है बस, उस भाषा को समझने की। वास्तव में पिता की बेशुमार जिम्मेदारियां ही होती हैं, जो उनको बाहरी रूप से कठोर बना देती हैं। वे हमारी चिंता करते हैं, भविष्य बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की सोचते हैं, लेकिन बिना किसी को प्रकट किए। ऐसा इसलिए कि शायद उन्हें लगता है कि उनका भावुक होना, उनके बच्चे को कमजोर कर देगा। वास्तव में उन्हें एहसास होता है कि उनकी छाया में उनके बच्चे हर तपिश से सुरक्षित हैं। इसीलिए वे अपने हर त्याग को हंसते हुए छुपा लेते हैं। सच, पिता बनने के बाद उनका जीवन अपनी संतान को ही समर्पित हो जाता है।

---

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

# अपनाएं सही डाइट प्लान बढ़ती एज में पापा रहेंगे हेल्दी


हर बेटी चाहती है कि उसके पिता का साया उसके सिर पर हमेशा बना रहे, उसके पिता हमेशा हेल्दी और फिट रहें। लेकिन बढ़ती उम्र के साथ हेल्दी और फिट रहने के लिए अन्य बातों के अलावा जरूरत होती है सही डाइट प्लान फॉलो करने की।



**लो फैट फूड्स:** उम्र बढ़ने के साथ पाचन क्रिया धीमी पड़ने लगती है। ऐसे में शरीर को फैट पचाने में कठिनाई होने लगती है। साथ ही हाई फैट वाली चीजों को खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और दिल की बीमारियों का रिस्क भी बढ़ता है। इसके अलावा इससे कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए बेटियां ध्यान रखें कि उम्र बढ़ने के साथ उनके पिता लो फैट वाले फूड्स का ही सेवन करें।

**प्रोटीन है जरूरी:** डाइट में प्रोटीन का होना बेहद जरूरी होता है। दरअसल, 50 से 60 की उम्र के बीच मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इसी वजह से हाथ-पैर में दर्द, हड्डियों से जुड़ी बीमारियां होने लगती हैं। इसलिए इन तमाम परेशानियों से बचे रहने के लिए डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स जैसे सोया मिल्क, टोफू, दूध, दही, पनीर और कुछ ड्राई फ्रूट्स शामिल करने चाहिए। आपकी पहली प्राथमिकता प्लांट बेस्ड प्रोटीन की होनी चाहिए, इसके अलावा मीट, चिकन, अंडे, फिश और सूखे मेवे का सेवन भी करवाया जा सकता है।

**ओमेगा 3 फैटी एसिड:** अपने पापा को ब्रोकली, कैबेज, हरी पत्तेदार सब्जियां, अखरोट, स्प्राउट्स, ग्रीन टी, बेरीज आदि का सेवन जरूर कराना चाहिए। इन सभी में ओमेगा 3 फैटी एसिड भी होता है, जो दिल की बीमारियों और कैंसर से बचाव करने में भी मदद करता है। ओमेगा 3 फैटी एसिड के सेवन से आंखें स्वस्थ रहती हैं। साथ ही यह अल्जाइमर यानी कि भूलने की बीमारी, इनसोमनिया (नींद ना आना), चिंता और अवसाद जैसे कई मानसिक रोगों से भी बचाता है।



**फाइबर है जरूरी:** बढ़ती उम्र में आपको अपने पापा की डाइट में ऐसी सब्जी और फलों को शामिल करना होगा, जिनमें प्रचुर मात्रा में फाइबर मौजूद हो। फाइबर के जरिए ही कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर को संतुलित रखा जा सकता है।

**विटामिन और कैल्शियम:** बढ़ती उम्र के लोगों में हड्डियों को हेल्दी रखने के लिए कैल्शियम, और विटामिन डी की आवश्यकता होती है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों जैसे दूध, हरी पत्तेदार सब्जियां, मछली आदि का सेवन पापा को करवाएं। विटामिन डी के स्रोतों में फैटी मछली, जैसे सैल्मन और अंडे आदि का सेवन करने को कहें।

**(डाइटिशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

---

केयर
रजनी अरोड़ा

याद कीजिए, बचपन या किशोरावस्था में जब कभी आप किसी बात पर रूठ जाती थीं तो पापा ही सबसे पहले मनाने आते थे। आपको कभी अकेले या गुमसुम नहीं रहने देते थे। तो अब वृद्धावस्था में अगर वे अपने आपको एकाकी महसूस करते हैं तो आपको उन्हें अपने प्यार-स्नेह का संबल जरूर देना चाहिए।

# एकाकी पिता को दें अपने प्यार-स्नेह का संबल

एक मजबूत और जिम्मेदार इंसान के तौर पर जिंदगी के हर मोड़ पर बच्चों की अच्छी परवरिश और कामयाब इंसान बनाने के लिए पिता सशक्त स्तंभ की भूमिका निभाते हैं। लेकिन ढलती उम्र में एक ओर जहां वे रिटायरमेंट के बाद खालीपन के फेज से गुजर रहे होते हैं, तो इसके साथ ही बच्चों के उच्च शिक्षा या करियर के लिए देश-विदेश बस जाने या फिर जीवनसंगिनी के साथ छोड़ जाने का दर्द भी उन्हें झेलना पड़ता है। ऐसे में कई बार एकाकी जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं।

**एकाकीपन के कारण:** सेवानिवृत्ति के बाद बढ़ती उम्र में एकाकीपन के कई कारण हो सकते हैं। पार्टनर के साथ छोड़ जाने का दुख, गतिशीलता में कमी और कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ब्रेन की फ्लेक्सिबिलिटी यानी न्यूरोप्लास्टिसिटी कम हो जाती है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सामाजिक सहभागिता कम होने और भावनात्मक अभिव्यक्ति न कर पाने की वजह से वो निराशा या कई तरह के मनोविकारों से घिर जाते हैं और खुद को अकेलपन में समेट लेते हैं।



प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक अब्राहम मास्लो की नीड थ्योरी के अनुसार, इंसान को सिर्फ मूलभूत शारीरिक जरूरतें ही नहीं, बल्कि इमोशनल सिक्योरिटी, आत्मसम्मान और संबंधों में आत्मीयता, सहभागिता की भी जरूरत होती है। अकेले रह रहे पिता इन जरूरतों को और गहराई से महसूस करने लगते हैं। जब ये जरूरतें पूरी नहीं होतीं, यानी बच्चे उनके साथ संपर्क बनाकर नहीं रखते, तो मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है।

**बेटी से होता है ज्यादा जुड़ाव:** वैज्ञानिक मानते हैं कि बेटियां अपने पिता के साथ भावनात्मक रूप से अधिक जुड़ी होती हैं। एमोरी यूनिवर्सिटी, अमेरिका की एक रिसर्च के अनुसार बेटियां भावनात्मक रूप से ज्यादा संवेदनशील और केयरिंग होती हैं। बेटियां पिता की भावनाओं, मूड और व्यवहार को बेहतर समझती हैं। उनकी बातों को इत्मीनान से सुनकर रिस्पोंड करती हैं और इमोशनल बॉन्डिंग बना लेती हैं। पिता भावनात्मक सुरक्षा और अपनापन मिलने की वजह से बेटों की तुलना में बेटियों से ज्यादा जुड़ते हैं, अधिक सहज महसूस करते हैं। बेटियों के चेहरे के हाव-भाव और आवाज के उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से समझते हैं और अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसे में बेटियों को चाहिए कि वे अपने पिता को भरपूर समय और स्नेह दें। इससे पिता का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दरअसल, हम सभी का एक इमोशनल कंफर्ट जोन होता है और वो जिंदगी की हर स्टेज में महत्वपूर्ण रोल निभाता है। बेटी और पिता में यह बहुत मजबूत संबंध होता है, जो उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता रहता है। बस जरूरी है, बेटी को हर स्थिति में अपने पिता से जुड़े रहना। बेटी चाहे दूर हो या पास, पिता का ख्याल रखने, उनकी जरूरतों को पूरा करने का भरसक प्रयत्न करते रहना चाहिए।

**हॉबी से जोड़ें:** पापा के अकेलेपन को दूर करने के लिए गौर करें कि अगर पिता को गार्डनिंग, पेंटिंग, रीडिंग का शौक है तो आपको उन्हें अपनी हॉबी को पूरा करने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। इसके लिए उन्हें उनकी रुचि की नई किताबें भेंट दे सकती हैं ताकि वे बोरियत महसूस न करें। या फिर किसी खास दिन पर पिता को सरप्राइजिंग गिफ्ट भी दे सकती हैं। निश्चय ही इससे उन्हें असीम खुशी का एहसास होगा।

**(ब्रिटिश यूनि. बहरीन में साइकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. कोमल चावला से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### कमरे के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**बावल।** शिव मंदिर रोड पर रात के समय चोर एक रूम के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। राजस्थान के नूरनगर निवासी संदीप कुमार यादव ने बताया कि वह बावल में शिव मंदिर रोड पर किराए का कमरा लेकर रहा रहा है। रात को उसने अपनी बाइक कमरे के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठा तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**नाहड़।** गांव के पास कार की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस बयान में नाहड़ निवासी रोहित ने बताया कि वह गांव के तरुण के साथ बाइक पर कोसली से नाहड़ जा रहा था। एक प्राइवेट स्कूल के पास सामने से आ रही ब्रेजा कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चालक कार सहित फरार हो गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मकान के बाहर खड़ी ईको कार चोरी

**धारूहेड़ा।** मालाहेड़ा में चोर रात को एक घर के बाहर खड़ी ईको कार चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सत्यवान ने बताया कि उसके पास एक ईको कार है। रात को उसने कार अपने घर के बाहर गली में खड़ी करने के बाद लॉक कर दी थी। सुबह करीब 4 बजे जब वह उठकर मकान से बाहर निकला, तो उसे कार नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी कार का कोई पता नहीं चला। उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट मामले में काबू किए दो आरोपी

**कुंड।** बोहका में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दर्ज शिकायत में महिला सुरेश देवी में पड़ोस में रहने वाले लोगों पर उसके और उसके पति रामधन के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में वेदमित्र और देवानंद को गिरफ्तार किया है।

### बाधौज में कंपटीशन और भंडारा आज

**बावल।** गांव बाधौज के मंदिर में 10 जून बाबा गौरखनाथ महाराज की स्मृति में कंपटीशन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मीठे पानी की छबील भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ज्ञानीराम ठाकरान होंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी धर्मेन्द्र प्रधान महेश्वरी, समाजसेवी अनिल रायपुर, चेयरमैन छतरपाल व देवेन्द्र अलावलपुर शिरकत करेंगे। गायक कलाकार कालू इंदौर, सोनम, संध्या तंवर, भावना भाटी, रेनू रंगीली व बिल्लू शर्मा अपने भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे।

### सीएम अभियान की शुरूआत करेंगे, तैयारियां पूरी

# पर्यावरण संरक्षण महोत्सव का कल होगा आयोजन

**सीएम के हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड व आश्रम पहुंचने वाले मार्गों को संवारा व सजाया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पर्यावरण प्रहरी के रूप में विख्यात माजरा स्थित जटेला धाम के महंत राजेंद्रदास के सानिध्य में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा पौधरोपण के मेगा अभियान और अंतरराष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निर्माण कार्य के प्रथम चरण का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह, सांसद धर्मबीर सिंह, भाजपा नेता ओमप्रकाश धनखड़, बाढ़डा से विधायक उमेद पातुवास, दादरी से विधायक सुनील सांगवान, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव तथा विभिन्न संत एवं महात्मा भागीदारी करेंगे। समारोह की तैयारियां प्रशासन और साध-संगत द्वारा युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। जटेला धाम व माजरा गांव को सजाया जा रहा है। सीएम के हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड व आश्रम पहुंचने वाले मार्गों को संवारा व सजाया जा रहा है। संत नितानंद महाराज की तपोभूमि में मनाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण का ये महाभियान ऐतिहासिक होगा। जिसमें 225 बेड के आयुर्विज्ञान संस्थान के निर्माण कार्य को नई ऊर्जा मिलेगी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए 92125 वृक्ष लगाकर इस जीवंत ग्रह पृथ्वी को हरा-हरा बनाने का अभियान चलाया जाएगा।



झज्जर। पर्यावरण महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए महंत राजेंद्र दास।

### ड्रोन व पैरामोटर उड़ाने पर लगी रोक



झज्जर। बुधवार को जटेला धाम में सीएम नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा को लेकर निगरानी बढ़ा दी गई है। डीसीपी क्राइम एवं हैडक्वाटर जसलीन कौर ने जिले में 10 जून 2025 की सांय सात बजे से अगले 24 घंटे तक ड्रोन व पैरामोटर उड़ाने पर अस्थाई रेड जोन घोषित करते हुए पाबंदी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिले के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों व अपराध अन्वेषण टीमों को जरूरी दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। जो पूरे जिले में ड्रोन, ग्लाइडर व अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इस दौरान यदि कोई व्यक्ति आदेशों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 203 प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू


बहादुरगढ़। खंड के शिक्षकों को संबोधित करते डीईओ वीरेंद्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

■ **प्रोग्राम से प्राथमिक शिक्षा के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी और छात्रों का समग्र विकास होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

खंडों के 203 प्राथमिक शिक्षकों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को शुरू हो गया। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने बीईओ शेर सिंह की उपस्थिति में किया।

बता दें कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बहादुरगढ़ में 203 प्राथमिक शिक्षक ट्रेनिंग ले रहे हैं। जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पूनिया ने बताया कि जिले के 3 खंडों में चल रहे प्रशिक्षण समूहों में अन्य जिलों में कार्यरत 200 से अधिक शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों, वर्कबुक और विभाग द्वारा प्रदान की गई शिक्षण-अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग पर केंद्रित है। डीईओ वीरेंद्र मलिक ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा कक्षा 3 तक पढ़ने, लिखने और गणित के बुनियादी कौशल में निपुण हो जाए। बीईओ शेर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना है। हम चाहते हैं कि शिक्षक गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों को अपनाएं और कक्षा में रोचक तरीके से पढ़ाएं। डॉ. सुदर्शन पूनिया ने कहा कि यह प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित किया जा रहा है। हम शिक्षकों को बच्चों के सीखने के स्तर को समझने और उसके अनुसार पढ़ाने के तरीके सिखा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बाल-केंद्रित शिक्षण विधियों, खेल-खेल में सीखने के तरीकों और मूल्यांकन की नवीन तकनीकों से अवगत करवाया जाएगा।

इस प्रोग्राम से प्राथमिक शिक्षा के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी और छात्रों का समग्र विकास होगा। इस अवसर पर प्राचार्य मंजू रानी व ऋषि सहरावत आदि उपस्थित रहे।

# नागरिक अस्पताल बेरी में हुआ आपातकालीन सिजेरियन सेक्शन, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

■ **सफलता पर सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने अस्पताल स्टॉफ एवं सिजेरियन टीम को बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नागरिक अस्पताल बेरी में नई शुरुआत करते सोमवार को आपातकालिन सिजेरियन सेक्शन के अंतर्गत सफल आप्रेशन किया गया। जच्चा एवं बच्चा स्वस्थ हैं। इस सफलता पर सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने अस्पताल स्टॉफ एवं सिजेरियन टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह शुरुआत बेरी एवं आसपास के क्षेत्र की महिलाओं के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगी।

उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि सफलता हासिल करनी हो तो हमें मिलजुल कर चलना होगा। हमें टीमवर्क के साथ आगे बढ़ते हुए आमजन को सरकार द्वारा चलाई जारी जनकल्याण योजनाओं की जानकारी देनी चाहिए ताकि वे उनका लाभ उठा सकें।

नागरिक अस्पताल बेरी के प्रभारी डॉक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि उपमंडल स्तर पर किए गए सिजेरियन सेक्शन में जच्चा एवं बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। अब भविष्य में सिजेरियन सेक्शन व नलबंदी की सुविधा यहां उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर सीएचसी डीघल के प्रभारी एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉक्टर नरेश कुमार, सर्जन डॉक्टर अजय धनखड़, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रश्मि मेहरा, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर स्वीटी, नर्सिंग ऑफिसर मोनिका, नर्सिंग ऑफिसर सुनीता एवं ओटीए कीर्ति व अंकित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। आप्रेशन के बाद जच्चा-बच्चा के साथ उपस्थित सिजेरियन टीम।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक कल झज्जर में

**झज्जर।** पूर्व शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक गीता भुक्कल ने बताया कि राहुल गांधी के हरियाणा दौरे के बाद प्रदेश कांग्रेस के संगठन को बनाने की कवायत अब तेज हो चुकी है। राहुल गांधी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए काम करना शुरू कर दिया गया है। हरियाणा कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक व केंद्रीय पर्यवेक्षक अब जिलों में जाकर कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं से मिलकर जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए रायशुमारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी द्वारा झज्जर जिले के एआईसीसी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी पूर्व लोकसभा सांसद व मेंबर सीडब्ल्यूसी जगदीश ठाकुर व पीसीसी पर्यवेक्षक की जिम्मेवारी पूर्व विधायक राव दान सिंह, जय भगवान अंतिल व वर्धन यादव को सौंपी गई है।

# जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपित होंगे दो लाख पौधे, बढ़ेगी हरियाली


झज्जर। एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर मीटिंग लेते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत करीब दो लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को वीसी के माध्यम से दिशा-निर्देश दिए, जिसमें डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भाग लिया। वीसी उपरांत डीसी ने डीएफओ झलकार उयके व अन्य अधिकारियों के साथ आयोजित मीटिंग में पौधारोपण को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई रणनीति पर चर्चा की।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अपने स्तर पर गांव, शहर, संस्थान या विभाग की भूमि पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं। डीएफओ ने बताया कि अभियान के तहत जिले में 1.40 लाख पौधे मुफ्त विभागों को वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भी वन विभाग अपने वन क्षेत्रों में पौधारोपण करेगा व अन्य विभागों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के फैसले का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। राम अहलावत।

■ **इससे न सिर्फ मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी**

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने के कदम का भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने स्वागत किया है। अहलावत का कहना है कि हरियाणा सरकार की तरफ से सतत कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रगतिशील कदम उठाया गया है। सरकार ने राज्य भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि और किसान कल्याण विभाग के स्वामित्व वाली कृषि भूमि का प्रयोग करने का फैसला लिया है। जिसके तहत यह पहल पर्यावरण अनुकूल, कम लागत वाली और केमिकल फ्री कृषि परंपराओं को प्रोत्साहित करने के सरकार के दृष्टिकोण के तहत होगी। इससे न सिर्फ मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। अहलावत ने कहा कि इस पहल के तहत मौजूदा पट्टेदार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाली इस महत्वपूर्ण योजना के लाभार्थी बनने के योग्य होंगे। इसमें प्रदेश सरकार जरूरी गाइडेंस, ट्रेनिंग और मदद मुहैया कराएगी।

# सेक्टर-6 में मां के नाम लगाया पेड़

■ **भाजपा नेता रामकंवार सैनी ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम की सराहना करते हुए सभी सहयोगियों का आभार जताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 में स्थित पार्क नंबर-14 में वरिष्ठ नागरिकों ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संजय भारद्वाज द्वारा कदम के पेड़ लगाए गए। भाजपा नेता रामकंवार सैनी ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम की सराहना करते हुए सभी सहयोगियों का आभार जताया।

उनके अनुसार सभी नागरिकों को अपने आसपास हरियाली के प्रति सचेत रहना चाहिए। हम सब मिलकर अपने पर्यावरण के प्रहरी बने और ऑक्सीजन बैंक को बढ़ाएं। इस दौरान किशन वर्मा, मास्टर राजपाल छिल्लर, मास्टर रतन लोहचब, डॉ. रणबीर दहिया, रतन गर्ग, हरपाल शौकीन, करण सिंह दलाल, राजेश मान व रामफल नैन आदि ने पार्क में पौधे लगाए।


बहादुरगढ़। सेक्टर-6 पार्क में पौधे लगाते वरिष्ठ नागरिक। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। दीप प्रज्जवलित करते नवीन देसवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### तीन दिवसीय सतत शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नूना माजरा के बाबा रामदास इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन में सोमवार से तीन दिवसीय सतत शैक्षणिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रम में हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के व्यावसायिक पुनर्वास कर्मी भाग लेंगे। विभिन्न पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा समाज में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और पाठ्यक्रम के बारे में चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था अध्यक्ष नवीन देसवाल, संस्था समन्वयक भोम सिंह मीना, सोनू जांगड़ा, नताशा व लक्ष्मी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की।

### योग दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए एसडीएम नसीब कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। बैठक में 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस की रूपरेखा तय की गई। विभागों व संस्थाओं की भूमिकाओं पर चर्चा हुई। एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में भव्य आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 19 जून को पायलट रिहर्सल होगी। इसके लिए 12 जून से 17 जून तक प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण शिविर चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभाग अपनी तैयारियां पहले ही पूरी कर लें। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार जगदीश चंद, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, डॉ नीलम, सुनील कौशिक आदि मौजूद रहे। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने स्तर पर तैयारी शुरू करें। उन्होंने सुझाव दिया कि योग कार्यक्रमों का आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।


बहादुरगढ़। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम नसीब कुमार।

# दंपति सोए थे कमरे में, दूसरे कमरों से चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

टीपी स्कीम में चोर एक मकान के कमरे से लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में टीपी स्कीम निवासी विजय कुमार ने बताया कि वह और उसकी पत्नी घर पर मकान के एक कमरे में सोए हुए थे। सुबह करीब 5 बजे वह उठे तो उसके बेटे के कमरे का सामान बिखरा हुआ था। उसका बेटा कहीं बाहर गया हुआ है। उसने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो 6 आदमी रात को कमरे में चोरी करते हुए नजर आए हैं। उसने पुलिस शिकायत में बताया कि मकान से लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी हुई है, जिसकी लिस्ट उसका बेटा वापस आने पर दी जाएगी। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर केस दर्ज करते हुए कैमरों की फुटेज से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।


रेवाड़ी। सीसीटीवी फुटेच में नजर आ रहे कच्छा-बनियान पहने चोर।

### कच्छा बनियान गिरोह की सक्रियता

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में मकान में घुसने वाले आरोपी कच्छा-बनियान में नजर आ रहे हैं। इससे लंबे समय बाद कच्छा-बनियान गिरोह की सक्रियता के संकेत मिल रहे हैं। घटना के बाद एक आर्टिगा गाड़ी में चोर जाते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

### धार्मिक यात्रा पर गया था परिवार, चोरों ने लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**रेवाड़ी।** पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रह रहे डीआईपीआरओ ऑफिस के मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। उसका परिवार धार्मिक यात्रा पर गया हुआ था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया।

दिनेश कुमार ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह गत 6 जून को परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर राजस्थान गया था। वहां से वापस आने पर मकान का दरवाजा खुला मिला। लॉकर व अलमारी का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके मकान से सोने की चेन, सोने की तीन अंगूठियां, तीन जोड़ी कानों के सोने के कुंडल, तीन जोड़ी सोने की बालियां, चांदी के आभूषण व 10 हजार से ज्यादा नकदी चोरी कर ले गए। चोर बच्चों की गुल्लक तोड़कर उससे भी नकदी चोरी कर ले गए। उसने पुलिस को घटना की सूचना दी।


बहादुरगढ़। रोहद गांव में हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते डॉ पंकज जैन व अन्य।

# रोहद गांव में हुआ भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद स्थित दादा लालबेग मंदिर में भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने भी शिरकत की। आयोजकों ने उनका स्वागत करने के बाद पगड़ी बांधकर सम्मान किया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत डॉ पंकज जैन ने कहा कि भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने से आपसी भाईचारे व एकता को बढ़ावा मिलता है।

### किसानों को शीघ्र मिले प्रोत्साहन राशि

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी तथा अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि बजट की कमी से धान की सीधी बिजाई, फसल अवशेष प्रबंधन तथा मेरा पानी मेरी विरासत की प्रोत्साहन राशि आज तक किसानों को नहीं मिली है। किसान साल भर से सरकारी दफ़्तरों के चक्कर काट रहे हैं। उनके अनुसार झूठे वायदे करना सरकार की आदत बन गई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि किसानों को शीघ्र प्रोत्साहन राशि नहीं मिली तो वे सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा करने को मजबूर होंगे।

### स्नैपचेट पर महिला को भेजे अश्लील फोटो, केस

**रेवाड़ी।** शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला को स्पैपचेट पर अश्लील फोटो भेजने और दोस्ती के लिए मैसेज करने के आरोप में साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है।

**सूचना**

मैं, सुनील पुत्र श्री बनवारी लाल निवासी मकान नंबर-1177, गली नंबर-3, डिग्गी वाला रोड, सूरत नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित कुमार नागर व पुत्रवधु श्रीमति रीमा गौतम मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, प्रमोद यादव पुत्र श्री बिफन यादव निवासी मकान नंबर-51, गली नंबर-1, गीतांजली एन्क्लेव, झाड़ोदा कलां, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली-110072 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र गौरव मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में गौरव के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। गौरव अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### जिले में पटाखों के निर्माण भंडारण व बिक्री पर प्रतिबंध


स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के निर्माण भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध के खिलाफ हरियाणा सरकार के निर्देशों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिला व ब्लॉक स्तरीय इन्फोर्समेंट कमेटियां गठित की गई है। यह कमेटियां पटाखा प्रतिबंध, जब्ती एवं निपटान, जन जागरूकता और शिकायत निवारण तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करेंगी।

### बहादुरगढ़ में आज लगेगी बिजली अदालत

**बहादुरगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम बहादुरगढ़ डिवीजन के उपभोक्ताओं की बिजली और बिल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार 10 जून को यूएचबीवीएन कार्यालय में बिजली अदालत लगेगी। मंगलवार की सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत लगाकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का निदान किया जाएगा। उपभोक्ताओं की बिजली और बिल संबंधी समस्याओं (बिजली चोरी को छोड़कर) मामलों की सुनवाई होगी।


**बहादुरगढ़।** कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित करते दुकानदार।

### इंद्र देव को प्रसन्न करने लिए किया भंडारा

**बहादुरगढ़।** इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए सोमवार को भी कई स्थानों पर मीठे पानी की छबील व भंडारों का आयोजन जारी रहा। हर कोई अपने अपने तरीके से इंद्र देव को खुश करने में लगा हुआ है। शहर के दिल्ली-रोहतक रोड समेत कई जगहों पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। शहर के पुराने नजफगढ़ रोड पर दुकानदारों की तरफ से कढ़ी चावल का भंडारा लगाया गया। प्रसाद वितरित करते हुए पूर्व पार्षद गुरदेव राठी गर्मी के मौसम लोगों को पानी और भोजन करवाने से बढ़कर पुण्य कार्य कुछ नहीं हो सकता है।

## सप्ताहभर पहले अपहरण कर युवक से की गई थी मारपीट

# न्याय के लिए सीएम से लगाई गुहार

■ आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में रहने वाले एक युवक का अपहरण कर मारपीट करने के मामले में पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन अब तक हुई कार्रवाई से पीड़ित व उसका परिवार संतुष्ट नहीं है। पीड़ित ने मास्टर माइंड का नाम एफआईआर से निकालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मास्टर माइंड सहित अन्य दो आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनके बेटे साहिल से पिछले काफी समय से गढ़ी सिसाना गांव के एक परिवार में बंधक बनाकर जबरन घरेलू कार्य करवाया जा रहा था। बदले में उसे मेहनताना भी नहीं दिया जा रहा था। पिछले महीने साहिल किसी तरह वहां से चकमा देकर भागा और यहां बहादुरगढ़ स्थित भगत सिंह कॉलोनी में अपने परिवार के पास आ गया। तभी से गढ़ी सिसाना स्थित उस मकान मालिक के छोटे बेटे रोहित उर्फ छोटे ने फोन पर धमकियां देनी शुरू कर दी। गत 30 मई की सुबह रोहित के भाई रिंकू ने अपने साथियों के साथ मिलकर साहिल का अपहरण किया और गढ़ी सिसाना ले जाकर बेरहमी से मारपीट की। पुलिस की मौजूदगी में भी रोहित उर्फ छोटे ने जान से मारने की धमकी दी थी। तब मारपीट में भयभीत साहिल से शुरुआती शिकायत में रोहित का नाम छूट गया था। ईलाज के बाद दोबारा दी शिकायत में रोहित का नाम पुलिस को बताया। बकौल साहिल, मामले में अभी केवल दो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। जबकि रोहित का तो नाम भी एफआईआर में नहीं है। इसलिए अब जसबीर सैनी के माध्यम से सीएम के समक्ष मामला रखा गया है। पुलिस कमिश्नर को भी शिकायत दी गई है। जल्द से जल्द साजिशकर्ता रोहित व फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।


**बहादुरगढ़।** सीएम को शिकायत देते पीड़ित परिवार के सदस्य, घायल साहिल।


**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून का सम्मान करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### सेक्टर-15 में हुआ व्यापारी मिलन समारोह

**बहादुरगढ़।** किराना मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा व्यापारी मिलन समारोह आयोजित किया गया। विधायक राजेश जून ने इसमें बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ समेत पूरे देश-प्रदेश के विकास में व्यापारियों का बड़ा योगदान है। उनका पूरा प्रयास है कि व्यापारियों को किसी प्रकार की समस्या से जूझना ना पड़े। शहर के सेक्टर-15 में आयोजित व्यापारी मिलन समारोह में पहुंचे विधायक राजेश जून का एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया। विधायक राजेश जून ने दीप प्रज्जवलित कर व्यापारी मिलन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। जून ने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में कल्याणकारी नीतियां बनाकर लागू की गई हैं। भाजपा सरकार में व्यापारियों को इंस्पेक्टरी राज से मुक्ति मिली है। व्यापारी पूरी तरह से भय मुक्त होकर व्यापार कर रहे हैं। व्यापारी किसी भी समस्या व सुझाव को लेकर उनसे कभी भी मिल सकते हैं। व्यापारियों को सरकार के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में किराना मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## आईटीआई में हुई योग दिवस की तैयारी

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बहादुरगढ़ की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ राजकपूर ने बताया कि सोमवार को जिले के सभी ब्लॉकों में योगासन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी एवं जिला योग समन्वयक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि बहादुरगढ़ आईटीआई में सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार व सत्येंद्र दहिया ने कैंप का उद्घाटन करते हुए हरित योग के अंतर्गत पौधारोपण किया। पतंजलि योग समिति के संरक्षक गुरमीत ने योगाभ्यास करवाया। योग सहायिका प्रीति और अजीत ने भी योग आसन करवाए। प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने बताया कि ऐसे कैंप आयोजित करके जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को नशे से दूर रहने और योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।


**बहादुरगढ़।** सोमवार को आईटीआई में योगाभ्यास करते प्रशिक्षु।

## हरियाणा की टीम देहरादून में खेलेगी नेशनल स्पर्धा

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी सेंटर में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें झज्जर के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष रजनेश चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले स्थान पर झज्जर, दूसरे स्थान पर फरीदाबाद और तीसरे स्थान पर गुरुग्राम रहा। झज्जर से सब जूनियर में मानविक गुलिया, नवजीत दलाल, विवान परासर, देवांश छिल्लर, एकलव्य, आयान राठी, रायसा, डोएल, प्रभावी, कल्पना, विशेष गुलिया, दीपांशी, प्रशस्त्र राणा, राधिका, काव्या, मेघा, भारती, अंशिका जांगड़ा ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी देहरादून में आयोजित होने वाली नेशनल कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान टेक्निकल डायरेक्टर यशपाल कलसी, कोषाध्यक्ष सुमित छिल्लर, दीपक अग्रवाल, हरियाणा टीम के कोच विकेश तंवर, आर्यन चौधरी, इशांत राठी, सुनील सैनी, राजू किडवाल, अधीर, सुधीर, आशीष, अनामिका, दीपक करकी, बलराम, राजीव, दिनेश, विरक, जगमेंद्र, निर्वेश सैनी, जगदीश छिल्लर, विख्यात, विकास पांचाल, पंकज तंवर, अमित और विशाल मलिक मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** विजेता कराटे खिलाड़ियों के साथ रजनेश चौधरी व ऑफिशियल।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखा भगवान को भोग लगाना


**झज्जर।** कैंप के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए श्रीराधा नाम दास प्रभु।

**झज्जर।** इस्कॉन झज्जर की तरफ से महाराजा अग्रसेन कॉलेज में बच्चों के लिए आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप सोमवार को संपन्न हो गया। कैंप का समापन डायमंड चौक स्थित श्री गोपाल मंदिर श्रीराधा नाम दास प्रभु की अध्यक्षता में किया गया। कैंप के दौरान ज्योति बत्रा, मोनिका अरोड़ा, पूनम तनेजा व गीतू तनेजा ने बच्चों को संस्कारों से जोड़ने के लिए भगवान को भोग लगाना, कीर्तन करना, क्विज व डांस आदि बारे जानकारी दी। शिविर में भागीदारी करने वाले बच्चों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर पवन अरोड़ा, अमित गुप्ता, अश्वनी पाहवा, रोहित बत्रा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# नेहा देशवाल बनीं सब लेफ्टिनेंट

■ गांववासियों ने नेहा देशवाल को नोटों एवं फूलों की माला पहनाते हुए उसका स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सुरहेती निवासी नेहा देशवाल ने अपनी चौथी पीढ़ी में लगातार सब लेफ्टिनेंट पद हासिल करके परिजनों व जिले का मान बढ़ाया है। नेहा के पड़दादा सूबेदार जुगलाल देशवाल ने बताया कि उनकी पड़पौती नेहा ने बीती 31 मई को इंडियन नेवी में अपना पदभार संभाला। सोमवार को गांववासियों ने नेहा देशवाल को नोटों एवं फूलों की माला पहनाते हुए उसका स्वागत किया। इस मौके पर नेहा के दादा सूबेदार रामचंद्र देशवाल, हरिराम देशवाल, रतिराम देशवाल, धर्मवीर देशवाल, पिता मास्टर सुरेन्द्र, माता सुमन देशवाल, खाप 360 झज्जर प्रधान गजराज पहलवान, सुरहेती ग्राम पंचायत सरपंच बलवान देशवाल, मंदिर कमेटी प्रधान अनिल देशवाल, सूबेदार बलवान देशवाल, अमन धनखड़, सोमबीर, महेंद्र नंबरदार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


**झज्जर।** नेहा का स्वागत करते हुए ग्रामवासी एवं परिजन। फोटो :हरिभूमि

### हरिद्वार यात्रा के लिए रवाना हुई महिला कर्मचारी

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की महिला कर्मचारियों के लिए हरिद्वार की आध्यात्मिक यात्रा आयोजित की गई। स्कूल निदेशिका शैलजा जून द्वारा सोमवार को यह दल हरिद्वार के लिए उत्साहपूर्वक रवाना किया गया। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने बताया कि स्कूल में कार्यरत सभी कर्मचारी उनके लिए परिवार के समान हैं। सभी में आपसी सोहार्द की भावना बढ़ाने में ऐसी यात्रा कारगर साबित होती हैं। यात्रा के दौरान महिला कर्मचारी हर की पौड़ी पर गंगा आरती में भाग लेंगी। साथ ही सभी हरिद्वार स्थित अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों के दर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ मास के दौरान गंगा के पवित्र जल में स्नान करने का धार्मिक महत्व है। इससे उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्कूल की महिला कर्मचारियों ने भी स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित धार्मिक यात्रा की खूब सराहना की।


**बहादुरगढ़।** जीडी गोयनका स्कूल से रवाना होती महिला कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि


**झज्जर।** सुरेंद्र कुमार को चेयरमैन बनने पर बधाई देते हुए सुनील गोयल व राजबीर देशवाल। फोटो :हरिभूमि

### सुरेंद्र कुमार बने दी झज्जर जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ के चेयरमैन

**झज्जर।** सोमवार को दी झज्जर जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लिमिटेड झज्जर के निदेशक मंडल की बैठक सहकारी समितियां, रोहतक के उप रजिस्ट्रार बंसीलाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्व सम्मति द्वारा सुरेंद्र कुमार रईया को चेयरमैन व सुनील दत्त मदाना वाईस चेयरमैन चुना गया। इस चुनाव के दौरान सहकारी बैंक झज्जर के चेयरमैन राजबीर देशवाल व सुनील गोयल ठेकेदार का पैनल विजयी रहा।

## सेल्फी विद डॉटर कार्यक्रम में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले डीएच लारेंस कॉलेज की छात्राएं।

**झज्जर।** डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन फॉर वूमेन की छात्राओं ने एमडीयू में आयोजित सेल्फी विद डॉटर कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। छात्राध्यापिकाओं ने अपने माता-पिता के साथ सेल्फी लेकर इस दिन को यादगार बनाया। उन्होंने पोस्टर के माध्यम से बेटियों की उपलब्धियों को भी उजागर किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की सहायक प्रोफेसर दीपिका रानी ने समाज में बेटियों के अधिकारों व समानता के लिए मिलकर कार्य करने की शपथ ली।

# स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

■ 16 जून तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि एक सप्ताह बढ़ाकर 16 जून कर दी है। राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए सोमवार शाम तक 1232 आवेदन किए गए हैं। इनमें से बीए की 480 सीटों के लिए 569, बीसीए की 80 सीटों के लिए 204, बीबीए की 80 सीटों के लिए 95, बीकॉम की 140 सीटों के लिए 85, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों के लिए 110, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 110 और बीएससी गणित की 40 सीटों के लिए 59 आवेदन किए गए हैं।



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय भवन का फाईल फोटो।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## प्रतियोगिता में अंडर 10 से 14 आयु वर्ग के लड़कों में नैतिक ने पहला स्थान प्राप्त किया

# ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

■ विजेताओं को तेरह जून को महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में होने वाली जिलास्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर सोमवार को आयुष विभाग द्वारा पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माछरौली में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान योग सहायक नवीन कायत ने मुख्य रूप से शिरकत की। प्रतियोगिता में अंडर 10 से 14 आयु वर्ग के लड़कों में नैतिक ने पहला, नितिन ने दूसरा व पुनीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के इसी वर्ग में दीया पहले, अंशु दूसरे व कोमल तीसरे स्थान पर रही। 14 से 18 के लड़कों आयु वर्ग में अभिषेक को पहला स्थान मिला, लड़कियों के इसी वर्ग साक्षी पहले, सोनी दूसरे व रीतिका तीसरे स्थान पर रही। 18 से 28 आयु वर्ग के लड़कियों के वर्ग में मोनिका ने पहला व सुषमा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 40 से 60 आयु वर्ग के महिला वर्ग में सुनीता ने पहला, सरोज ने दूसरा व सुशीला देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा साठ आयु वर्ग से ऊपर के वर्ग में पुरुषों में सूरत सिंह व महिलाओं में कमला को पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को आगामी तेरह जून को शहर के महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस मौके पर योग सहायक ज्योति, जिला खेल विभाग से शिवानी, मुख्याध्यापक मंजीत कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** योग प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्रतिभागी एवं योग सहायक। फोटो :हरिभूमि